# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 20.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ स्वच्छता अभियान के तहत थाना सिद्धार्थनगर क्षेत्रान्तर्गत राजकीय उद्यान पार्क में की गई सफाई।**

आज दिनांक 20.06.2026 को डॉ अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस कर्मियों/रिक्रूट आरक्षियों के साथ थाना सिद्धार्थनगर क्षेत्रान्तर्गत राजकीय उद्यान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मियों ने स्वयं झाड़ू उठाकर थाना सिद्धार्थनगर क्षेत्रान्तर्गत राजकीय उद्यान पार्क एवं आसपास के क्षेत्र से प्लास्टिक कचरा, पॉलीथीन तथा अन्य अपशिष्ट सामग्री को एकत्रित कर सुरक्षित निस्तारण किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य न केवल राजकीय उद्यान व बुद्धा पार्क को स्वच्छ बनाना था, बल्कि आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना भी था। स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत श्रेष्ठ भारत के तहत ये अभियान चलाया गया। जैसे सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता से न केवल पर्यावरण सुरक्षित रहता है, बल्कि आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधा मिलती है । महोदय द्वारा सभी पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान से पुलिस और जनता के बीच का संबंध और मजबूत होता है । इस सफाई अभियान में सैकड़ों पुलिसकर्मियों एवं रिक्रूट आरक्षियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## प्रेस नोट दिनांक 20.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत जनपद के सभी थानों में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा श्रमदान कर साफ सफाई किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 20.06.2026 को स्वच्छता अभियान के तहत जनपद के समस्त थाना परिसर के सभी अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा श्रमदान किया गया। इसके अन्तर्गत समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण द्वारा अपने-अपने थानों की समुचित साफ़ सफाई की गयी | परिसर के चारों तरफ सघन साफ-सफाई कर परिसर व आस-पास के स्थानों को स्वच्छ किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 20.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मा0 सांसद डुमरियागंज श्री जगदम्बिका पाल द्वारा मा0 विधायक सदर, जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धर्थनगर की उपस्थिति मे थाना सिद्धार्थनगर क्षेत्रान्तर्गत जिला अस्पताल परिसर मे बने नवनिर्मित पुलिस चौकी का उद्घाटन किया गया।**

आज दिनांक 20-06-2026 को मा0 सांसद डुमरियागंज श्री जगदम्बिका पाल द्वारा मा0 विधायक सदर, जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धर्थनगर की उपस्थिति मे थाना सिद्धार्थनगर क्षेत्रान्तर्गत जिला अस्पताल परिसर में नवनिर्मित पुलिस चौकी का उद्घघाटन किया गया। जिला अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर पुलिस चौकी स्थापित होने से मरीजों, तीमारदारों व अस्पताल स्टाफ को 24x7 त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध होगी। मेडिको-लीगल मामलों में त्वरित कार्रवाई, आकस्मिक घटनाओं पर तुरंत रिस्पांस तथा अस्पताल परिसर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में यह चौकी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस दौराम मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक सिद्धार्थनगर व प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## प्रेस नोट दिनांक 20.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत थाना जोगिया उदयपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद व मनमुटाव को दूर करते हुए एक साथ विदा किया गया तथा परिवार को बिखरने से बचाया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 20.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, प्रशांत कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी बांसी, शुबेन्दु सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर अभय सिंह के नेतृत्व मे थाना जोगिया उदयपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र आवेदक जावेद शांह पुत्र ऐलकशन शांह ग्राम हरैया थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर की जांच करते हुए पति पत्नी के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद व मनमुटाव को दूर करते हुए पति-पत्नी को एक साथ विदा किया गया तथा परिवार को बिखरने से बचाया गया।

**थाना जोगिया उदयपुर मिशन शक्ति टीम का विवरण---**

01.उ0नि0 आनन्द कुमार शाही थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

02.हे0का0 जितेन्द्र सिंह थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

03.म0का0 सुशीला कुशवाहा थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

04.म0का0 संगीता यादव थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 20.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील इटवा पर जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जनसुनवाई किया गया।**

**◆समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।**

आज दिनांक 20.06.2026 को जनपद सिद्धार्थनगर के तहसील इटवा में सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, उपजिलाधिकारी इटवा व क्षेत्राधिकारी इटवा उपस्थित रहें। तहसील दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों के सम्बन्ध में जनता की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया एवं उसके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उक्त तहसील दिवस में राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण व तहसील इटवा क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक/थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# प्रेस नोट दिनांक 20.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना लोटन कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पटखौली मे वरिष्ठ नागरिको के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 20.06.2026 को थानाध्यक्ष के नेतृत्व में थाना लोटन कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पटखौली मे कम्यूनिटी पुलिसिंग का आयोजन किया गया, गोष्ठी में सदस्यगण, ग्राम प्रधान, वरिष्ठ नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस गोष्ठी का उद्देश्य पुलिस और स्थानीय समुदाय के बीच सहयोग व सहभागिता से विश्वास कायम करना है। CPU सामुदायिक कल्याण की गतिविधियों के माध्यम से जनता व पुलिस के बीच की दूरी को कम करेगी एवं CPU द्वारा बुजुर्गों से नियमित संपर्क, मदद हेतु सीधा नंबर उपलब्ध कराना, दिव्यांगजनों की सूची बनाकर संवाद, रेलवे स्टेशन/बस स्टैंड पर लावारिस बच्चों व बेसहारा लोगों की मदद, अनाथालय व वृद्धाश्रम में जाकर समस्याएं सुलझाना, मेलों में खोया-पाया केंद्र का संचालन तथा नशा व साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता जैसे कार्य किए जाएंगे। सभी उपस्थित लोगों ने पुलिस का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही उपस्थित जनों को उच्चाधिकारियों के आदेशों-निर्देशों से भी अवगत कराया गया।

**प्रेस नोट दिनांक 20.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆थाना मोहाना पुलिस व जनपदीय एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पिपरहवा में हुई युवक की जघन्य हत्या की घटना का अनावरण करते हुए 03 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया।**

**◆घटना में प्रयुक्त 01 अदद आलाकत्ल गड़ासा बरामद।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश एवं श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे व श्री विश्वजीत सौरयान (IPS) क्षेत्राधिकारी सदर, सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक 20.06.2026 को अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान वांछित के तहत छाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 93/2026 धारा 103(1)/3(5)/61(2) बी0एन0एस0 थाना मोहाना जनपद सि0नगर से सम्बन्धित 03 नफर अभियुक्तगण 1. तिवारी लोध पुत्र गौरी लोध उम्र करीब 43 वर्ष 2. रमेश लोध पुत्र गम्हे लोध उम्र करीब 42 वर्ष 3. आनन्द लोध पुत्र गणेश लोध उम्र करीब 20 वर्ष साकिनान दुल्हा सुमाली टोला पिपरहवा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर को मगरहिया मोड के पास से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1. तिवारी लोध पुत्र गौरी लोध साकिन दुल्हा सुमाली टोला पिपरहवा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।
2. रमेश लोध पुत्र गम्हे लोध साकिन दुल्हा सुमाली टोला पिपरहवा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।
3. आनन्द लोध पुत्र गणेश लोध साकिन दुल्हा सुमाली टोला पिपरहवा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

**अभियुक्त तिवारी लोध पुत्र गौरी लोध का आपराधिक इतिहास-**

01.मु0अ0स0 134/2021 धारा 120बी, 147, 201, 302, 34 भा0द0वि0 थाना कोतवाली सि.नगर।

**बरामदगी का विवरण-**

01. घटना मे प्रयुक्त एक अदद आलाकत्ल गड़ासा।

## पूछताछ का विवरण-

पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि मृतक मुकेश गुप्ता द्वारा अभियुक्त आनन्द लोध की बहन उषा से प्रेम सम्बन्ध था उक्त प्रेम सम्बन्ध के बात को लेकर अभियुक्त आनन्द लोध की बहन उषा अक्टूबर 2025 मे आत्महत्या कर ली थी उसी दिन मुकेश गुप्ता घर से नेपाल भाग गया था जहां पर कुछ दिन रहने के पश्चात् वह मुम्बई चला गया था तभी से हमलोग मुकेश गुप्ता को जान से मारने के लिये खोज रहे थे। उस घटना के बाद से पहली बार दिनांक 09.06.2026 को मुकेश गुप्ता वापस अपने घर पर आया था। मुंकेश के घर आने की सूचना जैसे ही तिवारी लोध को मिली तो तिवारी ट्रेन से बम्बई से नौगढ आ गया। नौगढ स्टेशन से रमेश लोध पुत्र गम्हे लोध निवासी दुल्हा शुमाली टोला पिपरहवा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर लेने के लिये आया था। रमेश व तिवारी लोध पिपरहवा गाँव के बाहर दिनांक 16.06.2026 की रात्रि मे पहुचे जहाँ पूर्व से ही आनन्द लोध पुत्र गणेश लोध मौजूद मिला उक्त तीनो व्यक्तियों द्वारा हत्या कि योजना बनायी गयी। तत्पश्चात रमेश लोध के द्वारा मुकेश गुप्ता के घऱ के आस- पास की निगरानी करके बताया गया कि मुकेश अपने घर की छत पर अकेले ही सोया हुआ है। अगल-बगल सभी लोग सो रहे हैं मुकेश को जान से मारने का यही सही मौका है। आनन्द लोध ने उसके लिये पहले से ही एक गडासा खरीदकर रखा हुआ था। तिवारी लोध और आनन्द लोध धीरे से मुकेश के घर के छत पर चढ़ गये तिवारी लोध द्वारा मुकेश गुप्ता के पैर को पकड लिया तथा आनन्द लोध ने पहले से अपने पास लिये हुए गडासा से मुकेश की गर्दन को एक ही बार में ही काट दिया। फिर दोनो लोग उसके शरीर को कुछ देर पकडे रहे तथा जब मुकेश हिलना डुलना बन्द कर दिया तो तिवारी लोध व आनन्द लोध लोग छत से नीचे उतर गये। घटना के दौरान रमेश लोध बाहर निगरानी कर रहा था।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.श्री जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।
2.एसओजी प्रभारी श्री चन्द्रकान्त पाण्डेय मय एसओजी टीम
3.प्रभारी सर्विलांस श्री हरेन्द्र चौहाना मय सर्विलांस टीम
4.उ0नि0 श्री प्रदीप कुमार सिंह चौ0 प्र0 ककरहवा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।
5.हे0का0 मनोज कुमार थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।
6.का0 अशोक कुमार थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।
7.रि0का0 अभिषेक प्रताप सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट दिनांक 20.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बांसी श्री शुबेन्दु सिंह के कुशल पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष श्री बृजेश सिह थाना शिवनगर डिडई के कुशल नेतृत्व में मा0 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट बांसी सिद्धार्थनगर द्वारा जारी वाद संख्या 4739/22 धारा 323/504/506/427 भा.द.वि.से सम्बन्धित वारन्टी को आज दिनांक 20.06.2026 को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारण्टी का विवरण---**
01.गोपाल मिश्रा पुत्र रामचन्दर निवासी ग्राम दानोकुइया थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण---**
1.उ0नि0 श्री मृत्युंजय मिश्रा थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर
2.आरक्षी शनि कुमार यादव थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर

**प्रेस नोट दिनांक 20.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆थानाध्यक्ष शिवनगर डिड़ई द्वारा थाना स्थानीय सीसी टीम के साथ सड़क दुर्घटना रोकने के उद्देश्य से थानाक्षेत्र के ग्राम खैरटिया में चपाल लगाकर जन जागरुकता अभियान चलाकर जागरुक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री बृजेश सिंह द्वारा थाना स्थानीय सीसी टीम के साथ यातायात, सड़क दुर्घटना रोकने के उद्देश्य अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 20.06.2026 को थानाक्षेत्र के ग्राम- खैरटिया में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को सड़क दुर्घटना रोकने व यातायात के नियमों व शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए यातायात के नियमों के बारे जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

## **<u>प्रेस नोट दिनांक 20.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।</u>**

**◆जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम व जनपद में शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत थाना इटवा के कस्बा इटवा में पैदल गस्त किया गया।**

आज दिनांक 20.06.2026 को आगामी त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगत शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा भारी पुलिस बल के साथ थाना इटवा क्षेत्रांतर्गत कस्बा इटवा के मुख्य मार्गों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, ताजिया रूटों व संवेदनशील स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। आमजन से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने हेतु अपील की गई।

# प्रेस नोट दिनांक 20.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बांसी सुबेन्दु सिंह के कुशल पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह थाना शिवनगर डिडई के कुशल नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 47/2026 धारा 137(2),351(2),65(1) बी0एन0एस0 व 5(L)/6 पॉक्सो ऐक्ट में वाँछित अभियुत्त को आज दिनांक 20.06.2026 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण---**

01.अजय पुत्र साधुसरन निवासी ग्राम सिसईकला थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण---

01.उ0नि0 जयप्रकाश पाण्डेय थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर।

02.आरक्षी  जयसिंह चौहान, नवीन सिंह थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट दिनांक 20.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆जनपद के समस्त थानों पर गठित कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में वृद्धजनों/महिलाओं/अनाथ बच्चों के बीच पहुँचकर उनकी समस्याये सुनकर उसका निराकरण, सहायता एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी।**

आज दिनांक 20/06/2026 को श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर गठित कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अपने-अपने थानाक्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण कर अनाथ आश्रम, वृद्ध आश्रम, महिलाओं व बच्चों से संबंधित संस्थाओं का भ्रमण किया गया एवं बुजुर्गों, विकलांगो, महिलाओं, अनाथ बच्चों, आदि से संवाद स्थापित कर उनका कुशलक्षेम पूछा गया तथा उनकी समस्याओं को गहनता से सुनकर आवश्यक सहायता एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया तथा साथ ही साथ किसी भी प्रकार की समस्या उत्पीड़न अथवा आपात स्थिति में पुलिस से सम्पर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। नशा एवं साइबर अपराध के दृष्टिगत सुरक्षा एवं बचाव हेतु आमजन को जागरुक किया गया। महिला सुरक्षा एवं बाल संरक्षण से संबंधित योजनाओं, मिशन शक्ति अभियान/ बहू बेटी सम्मेलन कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने, स्वच्छ छवि वाले एनजीओ के कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान किया गया। इस दौरान जनसामान्य के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर, पुलिस एवं जनता के मध्य विश्वास को और अधिक मजबूत बनाया गया।

**प्रेस नोट दिनांक 20.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆थानाध्यक्ष लोटन द्वारा पुलिस चौकी हरिबंशपुर पर थानाक्षेत्र के धर्मगुरुओं, ग्राम प्रधानों व संभ्रांत नागरिकों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई।**

आगामी त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगत शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आज दिनांक 20-06-2026 को पुलिस चौकी हरिबंशपुर पर थानाध्यक्ष लोटन द्वारा थानाक्षेत्र के सदस्यों, धर्मगुरुओं, ग्राम प्रधानों व संभ्रांत नागरिकों के साथ गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान थानाध्यक्ष महोदय द्वारा उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारा व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील की गई। सभी से सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचने, किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने तथा नई परंपरा न डालने हेतु अनुरोध किया गया। जुलूसों के निर्धारित रूट व समय का पालन करने, डीजे पर मानक के अनुरूप ध्वनि रखने व असामाजिक तत्वों पर नजर रखने पर बल दिया गया। पीस कमेटी के सदस्यों द्वारा पुलिस को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया।

**प्रेस नोट दिनांक 20.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।**

◆जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम व जनपद में शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत थाना डुमरियागंज के कस्बा हल्लौर में पैदल गस्त किया गया।

आज दिनांक 20.06.2026 को आगामी त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगत शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा भारी पुलिस बल के साथ थाना डुमरियागंज क्षेत्रांतर्गत कस्बा हल्लौर के मुख्य मार्गों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, ताजिया रूटों व संवेदनशील स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। आमजन से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने हेतु अपील की गई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज व प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# प्रेस नोट दिनांक 20.06.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम व जनपद में शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत थाना बांसी के कस्बा बांसी में पैदल गस्त किया गया।**

आज दिनांक 20.06.2026 को आगामी त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगत शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा भारी पुलिस बल के साथ थाना बांसी क्षेत्रांतर्गत कस्बा बांसी के मुख्य मार्गों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों व संवेदनशील स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। आमजन से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने हेतु अपील की गई । इस दौरान क्षेत्राधिकारी बांसी व प्रभारी निरीक्षक बांसी तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।